सत्यं शिवं सुन्दरम्
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मुख्यालय)
Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQ)
18,संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीतसिंह मार्ग,
18, Institutional Area, Saheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली/New Delhi-110016
फोन न./Phone no.26858570, फैक्स/ FAX 2651417
वेबसाइट/Website: www.kvsangathan.nic.in
ईमेल/Email:kvshindisection@gmail.com

अपील

किसी भी देश के सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक विकास में उस देश की भाषा/भाषाओं का विशेष योगदान रहता है। हिन्दी भाषा, जो हमारे देश में सर्वाधिक बोली एवं समझी जाती है, को देश की राष्ट्रभाषा के साथ – साथ राजभाषा का गौरव भी प्राप्त है। भारतीय संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को काफी गहन विचार- विमर्श के पश्चात हिन्दी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था और इस प्रकार 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के पश्चात हिन्दी संघ की राजभाषा बनी। तत्पश्चात हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को ही हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं।

राजभाषा हिन्दी में काम करना न केवल हमारे लिए गौरव का काम है अपितु यह संवैधानिक अपेक्षा भी है। तथापि सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग के लिए समय – समय पर जारी किए गए अधिनियम, नियम तथा आदेशों के अनुसार हमें अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में करना चाहिए। वैसे भी वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, कम्प्यूटरों इत्यादि की उपलब्धता के फलस्वरूप राजभाषा हिन्दी में कार्य करना पहले से अधिक सुगम हो गया है।

मैं, हिन्दी दिवस के इस अवसर पर केविसं (मु०), क्षेत्रीय कार्यालयों, शिक्षा एवं प्रशिक्षण के आंचलिक संस्थानों और केंद्रीय विद्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह अपील करता हूँ कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करें जिससे कि सभी अपना सरकारी काम अधिक से अधिक राजभाषा हिन्दी में करें। साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न विषयों/बिंदुओं के बारे में राजभाषा के प्रयोग हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उन्हें प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

संतोष

दिनांक:- 14 सितम्बर, 2015

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त